प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय बताये–स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– ई–परिवार रजिस्टर पर 99 प्रतिशत परिवार सदस्यों के सत्यापन का कार्य पूरा।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के अनुसार–स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में 16 हज़ार से ज्यादा गांव खुले में शौच मुक्त ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश मे चिट्टा माफियाओं को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की।

*बैट्समैन उस प्रेशर की परवाह नहीं करता। येस सर। उसका पूरा ध्यान उस बॉल पर होता है। अगर आप भी इस प्रेशर को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, आज मैंने इतना पढ़ना तय किया था, ये अगर कर लेते हैं, आप आराम से उस प्रेशर में से भी अपने आपको निकाल सकते हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है।

*पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनों तो पूरा मेडिकल साइंस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशेंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।*

प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें परीक्षाओं के दौरान तनाव कम करने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि ई–परिवार रजिस्टर पर 99 प्रतिशत से अधिक परिवार सदस्यों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत कुल 75 लाख 18 हज़ार 2 सौ 96 परिवार सदस्यों में से 75 लाख 5 हजार 9 सौ 13 सदस्यों का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–परिवार प्रणाली एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसे पंचायत स्तर पर परिवारों का डेटा प्रबंधित करने के लिए बनाया गया है। इस प्रणाली को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने के लिए पिछले वर्ष 27 अप्रैल से अनिवार्य किया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ई–परिवार पोर्टल के माध्यम से परिवार नकल, विवाह प्रमाण–पत्र और बीपीएल प्रमाण–पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सिकंदर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश में 16 हज़ार से ज्यादा गांव खुले में शौच मुक्त हो गए हैं। सांसद सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने आज राज्यसभा में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन को मजबूती देने के लिए विभिन्न परिसम्पत्तियों की स्थापना की गई है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इसके तहत 6 हज़ार 5 सौ 32 अपशिष्ठ संग्रह और पृथककरण शैड बनाए गए हैं। इसके अलावा प्रदेश में 7 लाख 81 हज़ार 2 सौ 76 किचन गार्डन को बढ़ावा दिया गया है। सी.आर. पाटिल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में गांवों को ओ.डी.एफ से ओ.डी.एफ प्लस मॉडल में परिवर्तित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केन्द्रीय बजट 2025–26 को विकसित भारत का रोड मैप करार दिया है। संसद में केन्द्रीय बजट पर सामान्य चर्चा में हिस्सा लेते हुए आज उन्होंने कहा कि ये बजट संकल्प से सिद्धि तक ले जाने वाला है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में इस बार 12 लाख तक जीरो टैक्स का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2047 तक सभी को गरीबी से बाहर निकालने, शत–प्रतिशत

गुणात्मक शिक्षा देने, हर व्यक्ति को कम दामों पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा, श्रमिका का कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर देने का लक्ष्य रखा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यूपीए के समय स्कैम भारत आता था और आज मोदी के सेवाकाल में सक्षम भारत की बुलंद तस्वीर दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में युवाओं को यूपीए के एक दशक के कार्यकाल के मुकाबले डेढ गुना अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में नशे का कारोबार चरम पर है और चिट्टा माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। मंडी से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में नशा माफिया, पुलिस और राजनीतिक गठजोड़ का मामला सामना आ रहा है जो बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है। जयराम ठाकुर ने कहा पिछले तीन सप्ताह में नशे की ओवर डोज से चार युवाओं की मृत्यु का मामला सामने आ चुका है। उन्होंने सरकार से नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को जनता के सामने लाने की मांग की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रभावी कार्रवाई में भाजपा मजबूती के साथ खड़ी है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता के फैसले का स्वागत किया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इन चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इसका संज्ञान लेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह

बिजली कर्मचारी

राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने विभिन्न श्रेणियों के 7 सौ 6 पदों को समाप्त करने के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने आज से वर्क टू रूल के तहत काम करना शुरू कर दिया है और अब वे नियमों के तहत केवल 8 घंटे की डयूटी ही करेंगे। राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी संघ के महासचिव व ज्वाइंट फ्रंट के सहसंयोजक हीरालाल वर्मा ने बताया कि ये विरोध उस समय तक जारी रहेगा जब तक सरकार अपना फैसला वापिस नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। हीरालाल वर्मा ने बताया कि कल से हमीरपुर में महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उपभोक्ता भी भाग लेंगे।

बिजली बोर्ड

इस बीच राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा है कि बोर्ड ने कोई भी पद खत्म नहीं किया है बल्कि गैर–जरूरी पदों का भी समायोजन किया गया है। शिमला से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोग बोर्ड के कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और अगर कोई पद समाप्त किया गया है तो कर्मचारी नेता इसकी नोटिफिकेशन दिखाएं। प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने के लिए आने वाले समय में और भर्तियां की जाएंगी।

विकास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत आकांक्षी ज़िला चंबा के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार को 16 प्रोजैक्ट मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें पांगी, सलूणी, तीसा और चंबा में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

मुकेश रेपसवाल––

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय बताये–स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– ई–परिवार रजिस्टर पर 99 प्रतिशत परिवार सदस्यों के सत्यापन का कार्य पूरा।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के अनुसार–स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में 16 हज़ार से ज्यादा गांव खुले में शौच मुक्त ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश मे चिट्टा माफियाओं को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण।